आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 11 अंक : 13 लखनऊ, मंगलवार 07 जुलई से 13 जुलई, 2020 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## एक करोड़ से ज्यादा हुए टेस्ट

नई दिल्ली। भारत में कोरोना वायरस के संक्रमितों की पुष्टि के लिए होने वाली जांच की संख्या एक करोड़ से ऊपर पहुंच गई है। भारत में संक्रमितों की संख्या सात लाख से ऊपर जाने के बीच बताया गया है कि अब तक देश में एक करोड़ से ज्यादा नमूनों की जांच हो गई है। इंडियन कौंसिल अफ मेडिकल रिसर्च, आईसीएमआर के एक अधिकारी ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अब औसतन हर दिन दो लाख के करीब सैंपल्स की जांच की जा रही है। इस बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में संक्रमितों की संख्या एक लाख से ज्यादा हो गई और देश में कुल संक्रमितों की संख्या सात लाख से ऊपर पहुंच गई। संक्रमण से मरने वालों की संख्या २० हजार पहुंच गई है। भारत में अब औसतन २३–२४ हजार नए केसेज आ रहे हैं। बहरहाल, आईसीएमआर के वैज्ञानिक और मीडिया समन्वयक डॉ. लोकेश शर्मा ने कहा– छह जुलाई सुबह ११ बजे तक कुल एक करोड़ चार हजार से कुछ ज्यादा लोगों की



कोरोना वायरस की जांच की गई है। उन्होंने बताया कि पांच जुलाई को १,८०,५९६ लोगों की जांच की गई। लोकेश शर्मा ने कहा कि देश में कोरोना वायरस के नमूनों की जांच के लिए अब कुल १,१०५ लैब्स हैं, जिनमें ७८८ सरकार हैं और ३१७ निजी क्षेत्र में हैं। एक जुलाई तक देश भर में कुल ६० लाख जांचें हुई थीं। शर्मा ने कहा कि २५ मई तक जांच क्षमता करीब डेढ़ लाख रोजाना थी जिसे अब बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि शुरू में सिर्फ पुणे स्थित नेशनल इंस्टीच्यूट अफ वायरोलजी, एनआईवी में जांच होती थी। लकडाउन की शुरुआत में इसे बढ़ा कर एक सौ लैब्स में जांच शुरू कराई गई। बाद में २३ जून को आईसीएमआर ने एक हजार लैब्स को मंजूरी दी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले कहा था कि सरकार कोविड–१९ जांच क्षमता को बढ़ाने के लिए कई जरूरी कदम उठा रही है। सरकार ने कहा है कि आईसीएमआर की ओर से सुझाए गए जांच के विभिन्न तरीकों का इस्तेमाल करते हुए सभी राज्य सरकारें, सरकारी और निजी संस्थाएं कोविड–१९ की जांच के दायरे को बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं।

## मोदी, शाह ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर किया नमन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जयंती पर स्मरण और नमन करते हुए कहा कि उनके विचार तथा आदर्शों ने राष्ट्र के लाखों लोगों को सम्बल दिया है। डॉ. मुखर्जी की आज ११९ वीं जंयती



है। मोदी ने डॉ. मुखर्जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए ट्वीट किया, ” डॉ. मुखर्जी को मैं उनकी जयंती पर नमन करता हूं। वह एक समर्पित राष्ट्रभक्त थे , जिन्होंने भारत के विकास में असाधारण योगदान किया। देश की एकता को और मजबूत करने के लिए प्रेरणादायक प्रयास किये। उनके विचार और आदर्श राष्ट्र के लाखों लोगों को मजबूती देते हैं। अमित शाह ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर नमन करते हुए कहा कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर केन्द्रित जनसंघ और आज की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उनकी ही दूरदर्शिता का परिणाम है। डा. मुखर्जी की आज ११९ वीं जयंती है। शाह ने डा. मुखर्जी को जयंती पर श्रद्धा सुमन करते हुए ट्वीट में लिखा, ” डा . श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के रूप में देश को एक ऐसा दूरदर्शी नेता मिला जिसने भारत की समस्याओं के मूल कारणों और स्थायी समाधानों पर जोर दिया तथा उनके लिए जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर केन्द्रित जनसंघ और आज की भाजपा डा. मुखर्जी की ही दूरदर्शिता का परिणाम है। उन्होंने आगे लिखा,” डा . मुखर्जी ने शिक्षा और औद्योगिक क्षेत्र में सुधार के लिए भी बहुत अभिनव कार्य किये। वह शिक्षा की गुणवत्ता और शोध कार्यों के बहुत बड़े पक्षधर थे। कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने एवं देश की एकता तथा अखंडता के लिए उनका समर्पण और बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

## योगी ने सावन के पहले सोमवार को किया रूद्राभिषेक

लखनऊ/गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने देवाधि देव भगवान शिव से कोरोना वायरस के संक्रमण से जूझ रहे संपूर्ण विश्व के कल्याण, उदघार, समृदिघ एवं शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरक्षनाथ की पूजा अर्चना की। फिर ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ एवं अपने ब्रह्मलीन गुरु महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेका। इसके बाद वे सीधे मानसरोवर मंदिर पहुंचे और सभी देव प्रतिमाओं की पूजा कर भगवान शंकर का रुद्राभिषेक किया। इस दौरान मंदिर के परम्परागत पुजारी एवं संस्त विद्यालय के आचार्य सहित ११ वेदपाठी ब्राह्मण इस अनुष्ठान में शामिल थे। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चारण से गूंजता रहा। रुद्राभिषेक के वक्त गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, मंदिर के सचिव द्वारिका तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे। मंत्रोच्चार के बीच एक घंटे तक चले रुद्राभिषेक कार्यक्रम में मंदिर के खास लोग शामिल शामिल थे। रुद्राभिषेक के दौरान दूध तथा कई प्रकार के फलों के रस से अनुष्ठान को संपन्न कराया गया। अनुष्ठान के बाद प्रसाद वितरित किया गया। उधर, कोराना वायरस के संक्रमण के कारण फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए भक्तों ने सावन के पहले सोमवार पर आज देवाधिदेव भगवान शिव का दर्शन–पूजन किया। कांवड़ यात्रा प्रतिबंधित होने के बाद भी लोग बड़ी संख्या में प्रदेश के विख्यात शिव मंदिरों में दर्शन करने पहुंचे हैं। सावन के पहले सोमवार को आज वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर के साथ ही गोरखपुर के गोरखनाथ, मेरठ के औघड़नाथ, लखनऊ के मनकामेश्वर मंदिर, कानपुर के बाबा आनंदेश्वर मंदिर, प्रयागराज के मनकामेश्वर मंदिर, लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ मंदिर में भारी भीड़ उमड़ी है। सभी जगह पर फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए शिव भक्त लम्बी–लम्बी कतार में लगकर अपने आराध्य का दर्शन करने का इंतजार कर रहे हैं।

## विकास दुबे पर घोषित किया ढाई लाख रुपये का इनाम

कानपुर। कानपुर के बिकरू गांव में सीओ बिल्हौर देवेंद्र मिश्र समेत आठ पुलिसकर्मियों की हत्या के शातिर अपराधी विकास दुबे पर पुलिस ने ढाई लाख रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस महानिदेशक ने मुख्यालय स्तर से थाना चौबेपुर जनपद कानपुर में कई संगीन धाराओं और ७ सीएलए एक्ट में वांछित अभियुक्त विकास दुबे पर ढाई लाख का इनाम घोषित किया है। कानपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे पर पहले १ लाख रूपये का इनाम था। अब इसे बढ़ाकर ढाई लाख रुपये कर दिया गया है। अपराधी की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि मोस्टवांटेड विकास दुबे के पोस्टर जगह जगह चस्पा कराए गए हैं। सार्वजनिक स्थानों जैसे रेलवे, बस स्टेशनों और हर थानें चौकी में पोस्टर चस्पा किये गये



हैं। पुलिस ने लखनऊ–कानपुर हाईवे पर अजगैन थाना क्षेत्र में टोल प्लाजा के हर बूथ पर इनामी अपराधी विकास दुबे का पोस्टर चस्पा किया गया है। ताकि टोल बूथ पर वाहनों से गुजरने वाले भी उसकी पहचान कर सकें, वहीं टोल बूथों के हर कर्मी को प्रत्येक वाहन में सवार लोगों पर निगाह रखने की सलाह दी गई है। उधर बिकरू गांव में सीओ समेत आठ पुलिस जवानों की हत्या में अब तक की जांच में तीन पुलिस वाले मुखबिरी के शक में टारगेट पर थे। प्रथम ष्टिता जांच में ड्यूटी में लापरवाही किए जाने पर थाना चौबेपुर के उपनिरीक्षक कुंवर पाल और ेष्ण कुमार शर्मा तथा सिपाही राजीव को एसएसपी दिनेश कुमार पी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक चौबेपुर थाने के पुलिस कर्मियों के साथ ही शिवली, शिवराजपुर व बिल्हौर थाने के ३० पुलिस कर्मियों के मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।

# सम्पादकीय

## संक्रमितों की संख्या में हर दिन नए रिकार्ड

भारत में कोरोना वायरस के संक्रमितों की संख्या हर दिन नए रिकार्ड बना रही है। संक्रमितों की संख्या के लिहाज से दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंचने के एक दिन बाद सोमवार को भारत में संक्रमितों की संख्या सात लाख से ऊपर पहुंच गई। संक्रमितों की संख्या छह से सात लाख पहुंचने में सिर्फ पांच दिन लगे हैं। पिछले दस दिन में भारत में दो लाख नए संक्रमित मिले हैं। सोमवार को दो और रिकार्ड बने। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में संक्रमितों की संख्या एक लाख का आंकड़ा पार कर गई और भारत में संक्रमण से मरने वालों की संख्या २० हजार से ज्यादा हो गई। सोमवार को देर शाम तक देश भर से संक्रमण के मामले सात लाख १५ हजार से ज्यादा हो गए थे। देश भर में ४२६ लोगों के मरने की खबर आई थी, जिसके बाद मरने वालों की संख्या २०,१३० हो गई। भारत में एक्टिव केसेज की संख्या दो लाख ५७ हजार से ज्यादा हो गई है, जबकि चार लाख ३७ हजार से ज्यादा लोग इलाज से ठीक हुए हैं। भारत में गंभीर मरीजों की संख्या नौ हजार के करीब है। सोमवार की देर शाम तक कर्नाटक, तेलंगाना, असम जैसे कई बड़े प्रभावित राज्यों के आंकड़े नहीं आए थे। देश में सबसे ज्यादा संक्रमित महाराष्ट्र में सोमवार को संक्रमितों की संख्या में कमी आई। सोमवार को महाराष्ट्र में ५,३६८ मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़ कर दो लाख ११ हजार ६८७ हो गई। सोमवार को २०४ लोगों की मौत हुई, जिसके बाद मरने वालों की संख्या ६,०२६ हो गई। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को संक्रमितों की संख्या में बड़ी कमी आई। राज्य में कुल १,३७६ मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़ कर एक लाख से ऊपर पहुंच गई। अब दिल्ली में एक लाख ८२३ संक्रमित हैं। देश में दूसरे सबसे ज्यादा संक्रमित राज्य तमिलनाडु में लगातार चार दिन तक संक्रमितों की संख्या चार हजार से ज्यादा रहने के बाद सोमवार को इसमें थोड़ी कमी आई। राज्य में ३,८२७ नए मामले आए। इसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़ कर एक लाख १४ हजार ६७८ हो गई है। राज्य में सोमवार को ६१ लोगों की मौत हुई, जिसके बाद मरने वालों की कुल संख्या १,५७१ पहुंच गई। सबसे ज्यादा प्रभावित राज्यों में से एक आंध्र प्रदेश में सोमवार को संक्रमितों की संख्या में थोड़ी कमी आई। राज्य में १,३२२ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या २०,०१६ पहुंच गई। उत्तर प्रदेश में सोमवार को ६२६ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़ कर २८,६३६ पहुंच गई। हरियाणा में सोमवार को लगातार दूसरे दिन संक्रमितों की संख्या में बड़ी बढ़ोतरी हुई। राज्य में ४६६ नए मामले आए, जिसके बाद राज्य में संक्रमितों की कुल संख्या १७,५०४ हो गई। बिहार में सोमवार को २८० मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या १२,१४० हो गई। गुजरात में ७३५ नए संक्रमित मिले वहां संक्रमितों की कुल संख्या ३६,८५८ हो गई है। पश्चिम बंगाल में सोमवार को ८६१ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या २२,६८७ हो गई। राज्य में २२ लोगों की मौत हुई, जिसके बाद मरने वालों की संख्या ७७६ हो गई है। इसके अलावा मध्य प्रदेश में ३५४ और राजस्थान में ६६ नए मामले आए। राजस्थान में संक्रमितों की संख्या २०,२६३ हो गई है। ओड़िशा में ४५६, केरल में १६३, पंजाब में २०८ पुड्डुचेरी में ६५ और गोवा में ५२ नए मामले आए। ये आंकड़े कोविड१६ इंडिया डॉट ओआरजी के आंकड़ों पर आधारित हैं। भारत सरकार के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार की देर शाम तक कुल संक्रमितों की संख्या छह लाख ६७ हजार ४१२ थी, जिसमें से १६,६६३ लोगों की मौत हो चुकी है।

## विकास दुबे के ग्वालियर-चंबल में होने की संभावना, पुलिस सतर्क

लखनऊ/ग्वालियर। उत्तर प्रदेश के कानपुर में आठ पुलिस जवानों की हत्या करने वाले हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे के मध्य प्रदेश के ग्वालियर-चंबल अंचल में होने की संभावना जताई जा रही हैं। इसके चलते इस क्षेत्र की पुलिस को सतर्क कर दिया गया है। ग्वालियर क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) राजा बाबू सिंह ने यह स्वीकारा कि उन्हें उत्तर प्रदेश की पुलिस से ऐसे इनपुट मिले है कि विकास दुबे इस क्षेत्र में आ सकता है, लिहाजा पुलिस पूरी तरह सतर्क और सजग है। पुलिस की बीहड़ इलाके में सक्रियता भी बढ़ा दी गई है। आशंका इस बात की जताई जा रही है कि विकास वारदात को अंजाम देने के बाद चंबल के इलाके में आ सकता है। यह बीहड़ का क्षेत्र है और उसे यहां पनाह भी मिल सकती है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश की पुलिस ने मध्य प्रदेश की पुलिस से अपनी सूचनाएं साक्षा की है। उसी के तहत इस क्षेत्र की पुलिस ने गश्त और बीहड़ इलाके में सर्चिंग भी बढ़ा दी है।

## वृक्षारोपण से जीव सृष्टि का संरक्षण संभव : योगी



लखनऊ। कोरोना संकटकाल में आयुर्वेद के महत्व को समझाते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण करके ही जीव सृष्टि को संरक्षित किया जा सकता है। योगी ने आज यहां कुकरैल वन में 'मिशन वृक्षारोपण-२०२०' का शुभारम्भ करते हुये कहा कि पेड़ पौधों की मानव जीवन में विशेष अहमियत है और मौजूदा कोरोना संकटकाल लोगों को यह महत्व समझ में आ रहा है। कोरोना से बचाव के लिये अनेक ऐसी औषधीय वनस्पतियां हैं, जिनका काढ़ा पीने से हम अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सकते हैं। उन्होने कहा कि सरकार प्रदेश का हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए संकल्पित है और जनसहभागिता के जरिये वृक्षारोपण जैसे वृहद कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है। व्यापक जनसहभागिता एवं अन्तर्विभागीय समन्वय के माध्यम से प्रदेश में एक दिन में २५ करोड़ से अधिक औषधीय, फलदार, पर्यावरणीय, छायादार, चारा औद्योगिक व प्रकाष्ठ की दृष्टि से महत्वपूर्ण २०१ से अधिक प्रजातियों के पौधे रोपे जा रहे हैं। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से वृक्षारोपण कार्यक्रम को एक नई गति प्राप्त हुई है। जल संरक्षण में भी वृक्षारोपण का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत ३० लाख आवास उपलब्ध कराए गए हैं। इन आवासों में सहजन के पौधे को रोपित करने का कार्य किया गया है। उन्होंने सहजन के महत्व को बताते हुए कहा कि इसकी फली का सेवन करने से कुपोषण से बचा जा सकता है।

## योगी सरकार पौधरोपण में विश्व कीर्तिमान बनाने की तैयारी में

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ सरकार ने रविवार को बड़े पैमाने पर पौधरोपण अभियान चलाया और २५ करोड़ पौधे लगाए। इसके जरिए सरकार एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह कुकरैल आरक्षित वन में पौधरोपण कर इस अभियान की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने अभियान में शामिल सरकारी विभागों को निर्देश दिया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि पौधरोपण अभियान के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जाए। सभी प्लांटेशन साइट्स पर "दो गज की दूरी, मास्क जरूरी" और "कोरोना हारेगा, देश जीतेगा" जैसे नारे लिखे गए हैं। इस अभियान के तहत लखनऊ में ही २६ लाख से ज्यादा पेड़ लगाए जा रहे हैं। वन विभाग के सूत्रों ने कहा, "वन विभाग मुख्यालय में हर एक या दो घंटे में पौधरोपण के आंकड़ों को संकलित करने के लिए एक कमांड सेंटर भी स्थापित किया गया है।" बता दें कि राज्य में ८.७ लाख से अधिक स्थलों पर पौधरोपण किया जाएगा। जिला मजिस्ट्रेटों की अध्यक्षता वाली जिला-स्तरीय समितियां वृक्षारोपण अभियान की देखरेख कर रही हैं। प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों को भी इसके तहत पांच-पांच पौधे दिए गए हैं। गंगा, यमुना, गोमती, राप्ती, घाघरा, सरयू, शारदा, तमसा, वरुणा और बेतवा नदियों समेत कई नदियों के किनारों पर २.२ करोड़ से अधिक पेड़ लगाए जा रहे हैं। इस अभियान में वन विभाग १० करोड़ पेड़ लगाएगा और बाकी २६ सरकारी विभाग मिलकर १५ करोड़ पेड़ लगाएंगे।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान को किया जाय क्रियान्वित : योगी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को प्रभाव ढंग से क्रियान्वित किया जाय। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि योगी ने कहा है कि प्रदेश में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान संचालित किया जा रहा है। सभी सम्बन्धित विभाग समन्वय बनाकर अभियान की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जिलों में जाकर संचारी रोग अभियान की समीक्षा करेंगें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने खाद्यान्न वितरण के तहत सामान्य वितरण तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के कार्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि वितरण कार्य को पारदर्शी ढंग से सम्पन्न करते हुए सभी जरूरतमंदों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा है कि जी०एस०टी० कलेक्शन में वृद्धि के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। अवस्थी ने बताया कि गृह विभाग की धारा १८८ के तहत ८३,८४५ एफआईआर दर्ज करते हुये २,१५,५६८ लोगों को नामजद किया गया है। आगरा जोन में ७,२०१, प्रयागराज में ३,६०८, बरेली में ६,६८०, गोरखपुर में ५,६६०, कानपुर में १३,१७१, लखनऊ में १६,२७६, मेरठ में ११,०५६, वाराणसी में १३,७५८, लखनऊ कमिश्नरी में ६६७ और गौतमबुद्धनगर कमिश्नरी में २,४०२ केस दर्ज किये गये हैं। प्रदेश में अब तक ८३,७४,६५५ वाहनों की सघन चेकिंग में ६०,७४५ वाहन सीज किये गये। चेकिंग अभियान के दौरान ३६,२१,६५,४२७ रूपए का शमन शुल्क वसूल किया गया। कालाबाजारी एवं जमाखोरी करने वाले ६७२ लोगों के खिलाफ ७३१ एफआईआर दर्ज करते हुए ३५१ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि फेक न्यूज के तहत अब तक १६७७ मामलों को संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही की गई है। ०४ जुलाई को कुल २२ मामले, जिनमें ट्विटर के १४, फेसबुक के ०८ मामले को संज्ञान में लिया गया है तथा साइबर सेल को आवश्यक कार्रवाई के लिये कहा है।

# पुलिस हत्याकांड के मास्टरमाइंड का गुर्गा गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर में आठ पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी गैंगस्टर विकास दुबे के एक इनामी गुर्गे को रविवार को कल्याणपुर में मुठभेड़ के बाद



गिरफ्तार कर लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) अनिल कुमार ने बताया कि दुबे के गुर्गे दया शंकर अग्निहोत्री को कल्याणपुर में पुलिस से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पैर में गोली लगी है। उसे लाला लाजपत राय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उस पर २५ हजार रुपये का इनाम घोषित था। पकड़े गये बदमाश ने अस्पताल पहुंचे संवाददाताओं के सामने कहा कि गत दो्तीन जुलाई की रात को बिकरू गांव में वारदात से पहले, उसके आका विकास दुबे के पास चौबेपुर थाने से किसी का फोन आया था जिसके बाद उसने पुलिस से सीधे टक्कर लेने के लिये उसे तथा अन्य साथियों को फोन करके अपने घर बुला लिया था। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस को अग्निहोत्री की मौजूदगी की सूचना मिली थी। पुलिस ने कल्याणपुरेंशिवली मार्ग पर अग्निहोत्री को रोकने की कोशिश की तो उसने पुलिस पर गोली चला दी। हालांकि उससे कोई घायल नहीं हुआ। जवाबी कार्रवाई में बदमाश को पुलिस की गोली लगी और उसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया। गौतलब है कि गत दो–तीन जुलाई की दरम्यानी रात को चौबेपुर बिकरू गांव में हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे को एक मामले में पकड़ने गयी पुलिस टीम पर विकास के घर की छत पर मौजूद बदमाशों ने गोलियां बरसायी थीं। इस मामले में एक पुलिस उपाधीक्षक और तीन उपनिरीक्षकों समेत आठ पुलिसकर्मी शहीद हो गये थे।

# विधायक मुख्तार अंसारी के करीबी लोगों के बनवाए भवन को प्रशासन ने किया ध्वस्त

मो० अरशद



गाजीपुर। गाजीपुर जिला प्रशासन ने उत्तर प्रदेश के विधायक मुख्तार अंसारी की पत्नी एवं एक अन्य रिश्तेदार द्वारा कथित तौर पर अवैध रूप से बनवाए और खाद्य निगम को किराए पर दिए गए भवन को गिरा दिया है और उस जमीन को फिर से ग्राम प्रबंध समिति के कब्जे में दर्ज करा दिया है। जिलाधिकारी ओमप्रकाश आर्य ने रविवार को बताया कि मेसर्स विकास कंस्ट्रक्शन में मुख्तार अंसारी की पत्नी अफ्शां बेगम, उनका साला आतिफ रजा, जाकिर हुसैन, रविंद्र नारायण सिंह तथा अनवर शहजादा साझीदार हैं। उन्होंने बताया कि इन लोगों ने अभिलेखों में कथित रूप से हेराफेरी की और फतेहउल्लापुर गांव में स्थित करीब पांच बीघा जमीन के मालिक के तौर पर अपना नाम दर्ज करा लिया था। इस जमीन पर उन्होंने एक भवन का निर्माण कराकर उसे गोदाम के तौर पर खाद्य निगम को किराये पर दे दिया था। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी मिलने पर उस जमीन पर बने भवन को शनिवार को ध्वस्त करा दिया गया। इस बीच, गाजीपुर के उपजिलाधिकारी प्रभाष कुमार ने बताया कि गाजीपुर नगर के महुआबाग मोहल्ले में गजल होटल है। इसके मालिक अफ्शां बेगम और उनके पुत्र अब्बास अंसारी और उमर अंसारी है। इसके निर्माण के संबंध में भी कई खामियां पायी गयी हैं। इसके बाबत होटल मालिकों को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा गया है।

# लखनऊ के पूर्व डिप्टी मेयर की कोरोना से मौत

लखनऊ। राजधानी के पूर्व डिप्टी मेयर अभय सेठ की कोरोना से मौत हो गई है। संक्रमित होने के बाद उन्हें १० रोज पहले पीजीआई में भर्ती कराया गया था। इसके अलावा महानगर बिजली घर के दो कर्मचारी और उनके परिवार के छह लोगों में संक्रमण का पता चला है। बुखार व सर्दी–जुकाम के बाद पूर्व डिप्टी मेयर की अभय सेठ की जांच कराई गई थी। जांच में संक्रमण का पता चला। पीजीआई में भर्ती कराया गया। डक्टरों के मुताबिक मरीज को शुगर व दिल की गंभीर बीमारी भी थी। दिल की बाईपास सर्जरी भी हुई थी

# लखनऊ में एक डॉक्टर समेत ३६ नए कोरोना संक्रमित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कोरोना का प्रकोप थम नहीं रहा है। राजधानी में सोमवार को एक बार फिर से कोरोना के ३६ नए मामले सामने आए हैं। इसमें एक डॉक्टर समेत रिजर्व पुलिस लाइन के छह मरीज हैं। ऐसे ही सर्वोदय के नगर के पांच मरीज समेत विभिन्न इलाकों के हैं। ऐसे में अब शहर में १३१४ कोरोना संक्रमित हो गए हैं। रविवार को पहली बार १० वर्षीय बच्चे की कोरोना से मौत हो गई। इसका इलाज केजीएमयू में चल रहा था। वही रविवार डीआइजी जेल समेत ५३ लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई। ३५ इलाकों के मरीजों में वायरस की पुष्टि होने पर हड़कंप है। आस–पड़ोस के लोग घबराएं हुए हैं। रविवार को ५३ लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई। इसमें डीआइजी जेल संजीव त्रिपाठी में कोरोना की पुष्टि हुई। उन्हें पीजीआइ भर्ती कराया गया। इसके अलावा केजीएमयू के डक्टर, कर्मी, पीजीआइ–लोहिया संस्थान के कर्मी में वायरस की पुष्टि हुई है। वहीं, राजाजीपुरम के दो, हुसैनगंज के दो, एलडीए कलोनी के दो, आलमबाग के तीन, महबूबगंज के एक, सर्वोदयनगर के एक, गोमतीनगर में तीन, सुभाष मार्ग में एक, डालीगंज में एक, कश्मीरी मोहल्ला में एक, जानकीपुरम में तीन, इन्दिरानगर में छह, अमौसी में एक, तेलीबाग में एक, निरालानगर में एक, सीतापुर रोड के दो, राजेंद्रनगर में एक, रायबरेली रोड के एक, कल्याणपुर में एक, वृन्दावन योजना में दो, रश्मि खंड में एक महानगर में एक, इन्द्रपुरी क लोनी में एक, दुबग्गा में एक, पारा रोड का एक ,अलीगंज में दो, एल्डिको रायबरेली रोड का एक, मानक नगर का एक, ओमेक्स सिटी का एक, नाका में दो, अवध विहार में दो, रिजर्व पुलिस लाइन में एक, आशियाना में एक, चौक में एक रोगी मिला है। बीकेटी निवासी १० वर्षीय बच्चे को जुकाम–बुखार था। स्थानीय स्तर पर इलाज से फायदा नहीं हुआ। उसमें जांच में कोरोना की पुष्टि हुई। ऐसे में शुक्रवार को दोपहर एक बजे उसे केजीएमयू में भर्ती कराया गया। यहां संक्रामक रोग यूनिट के आइसीयू में बच्चे को भर्ती किया गया। बच्चे को सांस लेने में दुश्वारी होने लगी। उसे वेंटिलेटर पर शिफ्ट किया गया। मगर, डक्टरों के काफी प्रयास के बावजूद बचाया नहीं जा सका है। शनिवार को सुबह पांच बजे बच्चे की मौत हो गई। वहीं संस्थान प्रशासन मौत पर कुंडली मारे रहा। कोरोना मरीज की डेथ रिपोर्ट की जानकारी ३६ घंटे बाद उजागर हुई। संस्थान के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह के मुताबिक, बच्चे में संक्रमण फैल गया था। उसमें रेस्परेटरी फेल्योर हो गया। वहीं, विभाग से मौत की जानकारी देर में मिली।

# कांग्रेसी नेता घायल पुलिसकर्मियों से मिले

कानपुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज चौबेपुर में बदमाशों के हमले में घायल पुलिसकर्मियों से यहां निजी अस्पताल में मुलाकात की और उनकी हौसलाफजाई की। लल्लू के अलावा प्रतिनिधिमंडल में शामिल विधायक मंडल दल की नेता अनुराधा मिश्रा मोना,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी,आरके चौधरी ने बिकरू गाँव में हुयी मुठभेड़ में घायल जांबाज पुलिसकर्मियों से मिलकर उनकी हौंसला अफजाई की और हालचाल लिया। उन्होने पुलिसकर्मियों आश्वत किया कि कांग्रेस पार्टी उनको त्वरित न्याय दिलाने का काम करेगी और दोषियों को जल्द से जल्द सजा दिलवाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी ।

# कानपुर के पूर्व एसएसपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

लखनऊ। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक अधिकारी ने हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे के मामले में ढीला रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुये कानपुर के पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने कानपुर के चौबेपुर में हुई जघन्य वारदात के सिलसिले में पुलिस महानिदेशक हितेश चन्द्र अवस्थी को पत्र भेजकर तत्कालीन एसएसपी अनंत देव पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। अमिताभ ठाकुर की पत्नी एवं अधिवक्ता नूतन ठाकुर ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अमिताभ ने चौबेपुर के बिकरू गांव में बदमाशों की गोलीबारी में शहीद बिल्हौर के पुलिस उपाधीक्षक देवेन्द्र मिश्र द्वारा तत्कालीन एसएसपी को भेजे एक पत्र का हवाला देते हुये कहा है कि इस पत्र में मिश्र ने अनंत देव को साफ तौर पर बताया था कि पूर्व थानाध्यक्ष चौबेपुर विनय तिवारी का विकास दुबे के पास आना जाना बना हुआ है। विज्ञप्ति के अनुसार पत्र में देवेन्द्र मिश्र ने कहा कि पिछली १३ मार्च को चौबेपुर थाना में अभियुक्त विकास दूबे व अन्य के विरुद्ध दर्ज मुकदमा संख्या ६५्२०२० धारा ३८६, १४७, १४८, ३२३, ५०४, ५०६ आईपीसी के विवेचक अजहर इशरत ने धारा ३८६ को बेबुनियाद आधारों पर हटा दिया था। दिवंगत सीओ द्वारा पूछताछ करने पर विवेचक ने बताया कि उन्होंने विनय तिवारी के कहने पर ऐसा किया था। मिश्र ने एसएसपी कानपुर नगर को इस पर कार्रवाई की संस्तुति की थी। अमिताभ ने कहा कि इस स्पष्ट पत्र के बाद भी अनंत देव द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जाना घोर प्रशासनिक कदाचार है और वे भी इस जघन्य घटना के लिए सीधे तौर पर उत्तरदायी हैं। इसलिये उन्होने डीजीपी से तथ्यों की जांच कराते हुए समुचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

# घर बैठे स्पीड पोस्ट से मंगायें काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद

लखनऊ। सोमवार से सावन का महीना कोरोना संक्रमण के बीच शुरु हो रहा है। सावन के महीने में भगवान शंकर की पूजा और उनके प्रसाद की बड़ी महिमा होती है। लोगों की इच्छा होती है कि काश उन्हे घर बैठे भोलेनाथ का प्रसाद मिल सके। ऐसे भक्तों के लिए इस बार डाक विभाग ने बड़ी पहल की है। इस सावन भक्त घर बैठे स्पीड पोस्ट के माध्यम से काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद प्राप्त कर सकेंगे। उक्त जानकारी लखनऊ (मुख्यालय) परिक्षेत्र के निदेशक डाक सेवाएं कृष्ण कुमार यादव ने दी। डाक विभाग और काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के बीच हुये एक एग्रीमेण्ट के तहत नए स्वरूप में काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद स्पीड पोस्ट सेवा के माध्यम से लोगों को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके तहत अपने नजदीकी डाकघर से मात्र २५१ रूपये का ई–मनीऑर्डर प्रवर डाक अधीक्षक, वाराणसी (पूर्वी) मंडल के



नाम भेजना होगा। ई–मनीऑर्डर प्राप्त होते ही डाक विभाग की ओर से तत्काल प्रसाद दिये गए पते पर भेज दिया जाएगा। डिब्बा बंद प्रसाद टेंपर प्रूफ इनवेलप में होगा। इससे किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जा सकेगी। प्रसाद में काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग की छवि, महामृत्युंजय महायंत्रम, शिव चालीसा, १०८ दाने की रुद्राक्ष की माला, बाबा को चढ़ा बेलपत्र, माता अन्नपूर्णा से भिक्षाटन करते भोले बाबा की छवि अंकित सिक्का, मेवा, भस्म, चंदन, रक्षा सूत्र मिश्री का पैकेट इत्यादि शामिल होंगे। डाक विभाग की इस पहल को काफी सराहना मिल रही है। कोरोना के चलते जहां इससे सोशल डिस्टेंसिंग और 'स्टे होम, स्टे सेफ' का पालन हो सकेगा, वहीं लोगों की घर बैठे बाबा का प्रसाद पाने की मुराद भी पूरी हो सकेगी। डाक निदेशक डाक विभाग ने इस बात के प्रबंध किए हैं कि भक्तों को मोबाइल नंबर पर स्पीड पोस्ट का विवरण एसएमएस के माध्यम से मिलेगा। इसके लिए भक्तों को ई–मनीअर्डर में अपना पूरा पता, पिन कोड, मोबाइल नंबर और ईमेल लिखना अनिवार्य होगा।

# वेंकैया ने गुरू पूर्णिमा पर आडवाणी का जताया आभार

नई दिल्ली। उप राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने गुरू पूर्णिमा पर भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक एवं दिग्गज नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी समेत कई विभूतियों को गुरू रूप में स्वीकार करते हुये उनका आभार व्यक्त किया है। नायडू ने गुरू पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर शनिवार को सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट फेसबुक पर लिखे एक लेख में अपनी जीवन यात्रा का जिक्र करते हुए उन ५७ व्यक्तियों का उल्लेख किया जिन्होंने उनके जीवन विभिन्न चरणों में दिशा दी। नायडू ने बताया कि जब वह मात्र १५ माह के थे तो उनकी माता का निधन हो गया और लालन पालन उनके दादा दादी ने किया। वहीं उनके प्रथम गुरु भी रहे। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी और प्रमुख राजनेता तेनेती विश्वनाथनम और



आडवाणी का स्मरण एवं आभार व्यक्त करते कई व्यक्तियों का उल्लेख का किया और कहा कि इन्होंने उनके जीवन को स्कूल, कलेज और विश्वविद्यालय में दिशा दी। गुरू–शिष्य परंपरा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि तकनीक के इस युग में शिष्यों के साथ गुरूओं को व्यक्तिगत संबंध बनाने चाहिए। उन्होंने कहा कि इंटरनेट गुरु का स्थान नहीं ले सकता. इंटरनेट से केवल जानकारी और सूचना मिलती है जबकि गुरु विश्लेषण और परीक्षण करने का कौशल प्रदान करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राष्ट्र निर्माण में गुरु की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिष्य में नैतिक मूल्य, सदाभावना और उत्तर दायित्व की भावना का विकास केवल गुरु कर सकता है। रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद के गुरु–शिष्य संबंध का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि गुरु के बिना जीवन बिना रोशनी के रास्ते जैसा है।

# गुरुजनों की शिक्षा और संस्कारों को सार्थक बनाएं : नायडू


नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु जनों की शिक्षा और संस्कारों को देश हित में सार्थक बनाया जाना चाहिए। नायडू ने रविवार को एक ट्वीट श्रंखला में कहा कि गुरुजनों की शिक्षा और संस्कार को समाज के हित में सार्थक बनाने से ही उन्हें संतोष मिलेगा। नायडू ने कहा, हमारी परम्परा में मानव जीवन के जिन तीन ऋणों की कल्पना की गई है उसमें गुरु ऋण, अध्ययन, अध्यापन और ज्ञान के विकास तथा प्रसार से चुकाया जाता है। उन्होंने कहा, मैं इस पावन अवसर पर देशवासियों से आग्रह करता हूं कि वे अपने गुरुजनों की शिक्षा और संस्कार को देश और समाज के लिए सार्थक बनाएं। इसी से हमारे गुरुजनों को संतोष मिलेगा। उपराष्ट्रपति ने कहा, गुरु पारस को अंतरो, जानत हैं सब संत। वह लोहा कंचन करें, ये करि लेय महंत। गुरु पूर्णिमा के सुअवसर पर हमारे सांस्कारिक उत्कर्ष को आधार और दिशा देने वाले आदरणीय गुरुजनों के चरणों का सादर स्मरण करता हूं।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री कोरोना वायरस से संक्रमित

मेंगलुरू। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री के कोरोना वायरस (कोविड १९) से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। आधिकारिक सूत्रों ने आज यहां बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और उनकी पत्नी के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि के बाद दोनों को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कांग्रेसी नेता के पुत्र ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में लिखा, पिता सकुशल हैं। पिता की कोरोना जांच की गयी और उसकी रिपोर्ट पजिटिव आयी है। वह शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। वह सकुशल हैं और उनमें कोरोना के कोई लक्षण दिखाई नहीं दे रहे हैं। चिंता की कोई बात नहीं है। आशंका है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री घर की नौकरानी के जरिए संक्रमित हुए हैं।

# केंद्रीय कर बोर्ड के विलय की खबर का सरकार ने किया खंडन

नई दिल्ली। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के विलय की संभावना के संबंध में मीडिया में आयी रिपोर्टों का केंद्र सरकार ने खंडन करते हुए आज कहा कि ऐसा कोई भी प्रस्ताव सरकार के पास नहीं है। मीडिया में इस बाबत यह रिपोर्ट आयी थी कि केंद्र सरकार खर्च कम करने की कवायद के तहत दोनों कर विभाग के विलय पर विचार कर रही है। वित्त मंत्रालय ने आज इस खबर का खंडन करते हुए कहा कि एक दैनिक अखबार में इस संबंध में आयी खबर तथ्यात्मक रुप से गलत है। सरकार के पास केंद्रीय राजस्व बोर्ड अधिनियम,१९६३ के तहत निर्मित इन दोनों बोर्ड के विलय के संबंध में कोई प्रस्ताव नहीं है। यह खबर



ऐसे समय में प्रकाशित की गयी है जब करदाताओं के अनुकूल कई सुधारवादी बदलाव लागू किये गये हैं। यह खबर वित्त मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों द्वारा बिना पुष्टि किये प्रकाशित की गयी है। खबर में कहा गया है कि कर प्रशासन सुधार आयोग के सिफारिशों में विलय का सुझाव भी शामिल है। आयोग की रिपोर्ट की सरकार ने विस्तृत रुप से जांच की और इस सिफारिश को स्वीकार नहीं किया था। संसद में इस संबंध में पूछे गये सवाल पर सरकार ने वर्ष २०१८ में समिति के समक्ष यह तथ्य पेश किया था। आयोग की जिन सिफारिशों को लागू किया गया, उसे राजस्व विभाग की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इसमें स्पष्ट दिखता है कि आयोग की यह सिफारिश लागू नहीं की गयी है।

# कर्नाटक में ३३ घंटे का कर्फ़्यू

बेंगलुरू। कर्नाटक में कोरोना वायरस के संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी के मद्देनजर एहतियातन ३३ घंटे का कर्फ़्यू लागू कर दिया गया है। पुलिस मुख्यालय के सूत्रों ने आज बताया कि कर्फ़्यू कल रात २०.०० लागू हुआ है और कल सुबह ०५.०० बजे तक प्रभावशील रहेगा। कर्फ़्यू के दौरान कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम , बेंगलुरू महानगर परिवहन निगम तथा अन्य निजी कंपनियों की परिवहन सेवाएं निलंबित रहेगी। इसके अलावा निजी बस, कार और दोपहिया वाहनों को भी अनुमति नहीं दी गयी है। सूत्रों के मुताबिक राज्य के किसी हिस्से से अब तक किसी अप्रिय घटना की रिपोर्ट नहीं है। पुलिस आयुक्त भास्कर राव ने कर्फ़्यू के दौरान निजी वाहनों की आवाजाही को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। दूध और दवा दुकानों को कर्फ़्यू के दायरे से बाहर रखा गया है। समूचे राज्य में कानून एवं व्यवस्था के मद्देनजर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये गये हैं। सड़कों पर केवल पुलिस , होमगार्डस और यातायात पुलिस ही नजर आ रहे हैं।

# सपा की पूर्व विधायक विजमा यादव को मिली धमकी

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी (सपा) की पूर्व विधायक विजमा यादव को पति की हत्या के मुकदमे की पैरवी करने पर कार सवार लोगों द्वारा गोली मारने की धमकी दी है। अशोक नगर निवासी पूर्व विधायक विजमा यादव ने आज बताया कि आरोपियों का कहना था कि वह मुकदमें की पैरवी करना छोड दें अन्यथा जिन्दा नहीं बचेंगी। पूर्व विधायक ने इस मामले को लेकर कैंट थाने में गाड़ी नम्बर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। उन्होने बताया कि दो जुलाई की रात करीब १० या १०.३० उनके घर के बगल चार लोग असलहा लेकर गाडी से उतरे। उनकी गाड़ी पर सत्ताधारी पार्टी का झंडा लगा था। युवकों ने सामान लेकर लौट रहे घरेलू नौकर अमित यादव को रोकर उनके और उनके बेटे गोलू के बारे में पूछताछ की और पैरवी करने पर



जान से मारने की धमकी देने की बात कही। उन्होने बताया कि अमित ने गाडी का नम्बर नोट कर लिया था। पुलिस को गाड़ी का नम्बर और सीसीटीवी फुटेज दे दिया गया है। पीड़िता ने बताया कि युवकों ने अमित को धमकी दिया कि अगर वह मुकदमें की पैरवी करेंगी तो जिंदा नहीं बचेंगी। धमकी मिलने के बाद उनकी जान को खतरा बन गया है। गौरतलब है कि सपा के पूर्व विधायक जवाहर यादव उर्फ पंडित, चालक गुलाब यादव और एक राहगीर की १९९६ में सिविल लाइंस में पैलेस सिनेमा के पास एके ४७ से हत्या कर दी गयी थी। इसमें पंकज कुमार श्रीवास्तव और कल्लन यादव को भी चोट आयी थी। कल्लन यादव की मृत्यु गवाही शुरू होने से पहले ही हो गयी थी जिससे उसका बयान दर्ज नहीं हो सका था। बहुचर्चित हत्याकांड में सत्र न्यायालय ने नामजद चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है।

# आसमानी बिजली से फिर १५ लोगों की मौत

पटना। बिहार में बारिश और वज्रपात का सिलसिला जारी है। पिछले २४ घंटों के दौरान राज्य के अलग–अलग सात जिलों में आसमानी बिजली गिरने (वज्रपात) से और १५ लोगों की मौत हो गई। आपदा प्रबंधन विभाग के एक अधिकारी ने आज बताया कि राज्य में पिछले २४ घंटे के दौरान आसमान से बिजली गिरने से १५ लोगों की मौत हो गई। वैशाली में छह, लखीसराय में दो, समस्तीपुर में तीन तथा गया, बांका, नालंदा और जमुई जिले में एक–एक व्यक्ति की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हो गई। मौसम विभाग ने राज्य के पटना, भोजपुर, वैशाली, नालंदा सहित एक दर्जन से ज्यादा जिलों में वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी लोगों से खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतने तथा खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी किए गए सुझावों का अनुपालन करने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खराब मौसम में घर के अंदर ही रहें और सुरक्षित रहें। इससे पहले, राज्य में गुरुवार को भी विभिन्न जिलों में वज्रपात की चपेट में आने से २६ लोगों की मौत हुई थी। पटना में छह, पूर्वी चंपारण में चार, समस्तीपुर में सात, कटिहार में तीन, शिवहर व मधेपुरा में दो–दो तथा पूर्णिया और पश्चिमी चंपारण जिले में एक–एक व्यक्ति की वज्रपात से मौत हो गई थी। इससे भी पहले, मंगलवार को बिहार के विभिन्न जिलों में वज्रपात से ११ लोगों की मौत हुई थी, जबकि २६ जून को राज्य में वज्रपात की चपेट में आने से ६६ लोगों की मौत हुई थी।

# कश्मीर में मुठभेड़ में 1 आतंकवादी ढेर

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में आज एक मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। मुठभेड़ अभी भी जारी है। कश्मीर के इंस्पेक्टर जनरल विजय कुमार ने बताया, एक आतंकवादी मारा गया है। अभियान जारी हैं। सुरक्षाबलों को कुलगाम के आरा इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने के बाद मुठभेड़ शुरू हुई। जैसे ही सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी की और उस जगह के करीब पहुंचे, जहां आतंकवादी छिपे हुए थे, उन पर अंधाधुंध फायरिंग की जाने लगी और सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

# कानपुर मुठभेड़ ने उत्तर प्रदेश सरकार की पोल खोल दी : शिवसेना

मुंबई। शिवसेना ने सोमवार को कहा कि कानपुर मुठभेड़ ने एनकाउंटर स्पेशलिस्ट उत्तर प्रदेश सरकार की पोल खोल दी है और इस घटना से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राज्य में गुंडई खत्म करने के दावे पर सवाल खड़े हो गए हैं। कानपुर में मुठभेड़ में छह पुलिसकर्मियों की मौत हो गई थी। शिवसेना के मुखपत्र सामना के संपादकीय में कहा गया कि उत्तम प्रदेश अब पुलिसकर्मियों के खून से रक्तरंजित है और इस घटना ने देश को स्तब्ध कर दिया है। पिछले सप्ताह कानपुर के निकट एक गांव में एक पुलिस उपाधीक्षक समेत आठ पुलिसकर्मियों की हत्या गैंगेस्टर विकास दुबे के गुंडों ने कर दी। मुख्य आरोपी विकास दुबे का एक सहयोगी गिरफ्तार हुआ है जबकि दुबे खुद फरार है। शिवसेना ने कहा कि ऐसी खबरें हैं कि दुबे घटना के बाद नेपाल फरार हो गया है। मराठी मुखपत्र सामना में कहा गया कि भारत का संबंध नेपाल के साथ अभी अच्छा नहीं है। संपादकीय में यह उम्मीद जताई गई है कि भारत के लिए दुबे नेपाल में दाऊद जैसा न साबित हो। मुखपत्र में प्रत्यक्ष तौर पर दाऊद का जिक्र उन खबरों के हवाले से किया गया जिनमें यह बताया गया है कि दाऊद इब्राहीम भारत से भागने के बाद पाकिस्तान में रह रहा है। शिवसेना ने कहा, कानपुर में पुलिसकर्मियों की हत्या ने एनकाउंटर स्पेशलिस्ट उत्तर प्रदेश सरकार की पोल खोल दी। सामना में कहा गया कि कानपुर की इस घटना ने चार दशक पहले नाथुपुर में एक गिरोह द्वारा पुलिस कर्मियों की हत्या की याद दिला दी। सामना में आश्चर्य जताया गया कि जब ४० साल बाद भी पुलिसकर्मियों की हत्या हो रही है तो आदित्यनाथ सरकार में क्या बदला है? उद्धव ठाकरे नीत पार्टी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दशकों से गुंडों के गिरोह और उसके अपराधों की वजह से बदनामी झेल रहा है। कई बार ऐसा दावा किया गया कि मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में गुंडई खत्म हो गई लेकिन कानपुर में पुलिस कर्मियों की हत्या ने इन दावों की पोल खोल दी। संपादकीय में कहा गया कि योगी आदित्यनाथ के तीन साल के शासन में अब तक ११३ से ज्यादा गुंडों को मुठभेड़ में मारा गया लेकिन इस सूची में दुबे का नाम कैसे शामिल नहीं था। शिवसेना ने सवाल किया कि दुबे के खिलाफ हत्या और डकैती समेत ६० से ज्यादा अपराध के मामले दर्ज थे लेकिन वह सबूत के अभाव में कैसे बच गया। मराठी मुखपत्र में पूछ गया कि योगी सरकार के पास इस आरोप के क्या जवाब हैं कि मुठभेड़ की सूची उत्तर प्रदेश पुलिस और सरकार की सुविधा के हिसाब से तैयार की गई थी। कानपुर मुठभेड़ के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने दुबे के आवास को अवैध बताते हुआ तोड़ दिया। इसका हवाला देते हुए शिवसेना ने पूछा कि लेकिन उन शहीद पुलिसकर्मियों के घरों का क्या? क्या मारे गए पुलिसकर्मियों के माता–पिता को उनका बेटा वापस मिल जाएगा, क्या उनके बच्चों को अपना पिता वापस मिल जाएगा? शिवसेना ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उत्तर प्रदेश प्रशासन को दुबे के आवास के अवैध होने की 'गुप्त जानकारी आठ पुलिसकर्मियों की हत्या के बाद मिलती है। शिवसेना ने बिना ब्योरा दिए हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में गुंडागर्दी का असर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आर्थिक राजधानी मुंबई पर है और इसलिए कानपुर में पुलिसकर्मियों की हत्या गंभीर मामला है।

# दो किलोमीटर पीछे हटी चीनी सेना?

नई दिल्ली। लद्दाख में भारत और चीन के बीच चल रहे सीमा विवाद में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में चीन की सेना दो किलोमीटर पीछे हटी है। बताया जा रहा है कि दोनों देशों के बीच हुई बातचीत के बाद पीछे हटने पर सहमति बनी है। उसके बाद चीन ने अपने तंबू और वहां किए गए अस्थायी निर्माण हटा लिए हैं। हालांकि गलवान घाटी में चीन की बख्तरबंद गाड़ियां अब भी मौजूद हैं। पिछले दो महीने में दूसरी बार चीन के पीछे हटने की खबर आई है। गौरतलब है कि पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच पेट्रोलिंग प्वाइंट १४ से १५, हॉट स्प्रिंग्स और फिंगर एरिया में विवाद है। बताया जा रहा है कि इन सभी जगहों से भी जवान वापस बुलाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पिछले महीने १५ जून की रात को दोनों देशों के सैनिकों में हिंसक झड़प हुई थी, जिसमें भारत के एक कर्नल सहित २० जवान शहीद हो गए थे। इस झड़प के बाद दोनों देशों के बीच कूटनीतिक और सैन्य स्तर की बैठकें लगातार हो रही थीं। पिछले ४८ घंटे में दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर बात हुई। सीमा विवाद निपटाने के लिए बने विशेष तंत्र की इस बैठक में भारत की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल शामिल हुए और चीन की ओर से विदेश मंत्री वांग यी ने हिस्सा लिया। इन दोनों के बीच हुई वार्ता के बाद चीन रविवार को पीछे हटने को तैयार हुआ। भारत ने भी अपने सैनिक पीछे हटा लिए। बताया जा रहा है कि दोनों देशों ने चार किलोमीटर का एक नोमेंस जोन बना लिया है। बहरहाल, सोमवार को चीन की सेना गलवान घाटी के कुछ हिस्सों से तंबू हटाते और पीछे हटती दिखी है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक इस क्षेत्र में सैनिकों के पीछे हटने का यह पहला संकेत है। उन्होंने कहा कि चीनी सेना पेट्रोलिंग प्वाइंट १४ पर लगाए गए तंबू और अन्य ढांचे हटाते हुए देखी गई है। सूत्रों ने कहा कि गोगरा हॉट स्प्रिंग्स इलाके में भी चीनी सैनिकों के वाहनों की इसी तरह की गतिविधि देखी गई है।

# डोवाल व वांग यी ने निकाला फार्मूला?

नई दिल्ली। करीब दो महीने से लद्दाख में भारत और चीन के बीच चल रहे सीमा विवाद के सुलझने का पहला संकेत सोमवार को मिला। चीन ने अपने सैनिकों को विवाद की जगह से दो किलोमीटर पीछे हटा लिया है। दोनों देशों के सैनिकों के पीछे हटने का फार्मूला राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई बातचीत में निकला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लद्दाख दौरे से लौटने के दो दिन बाद दोनों के बीच वार्ता हुई, जिसमें विवाद सुलझाने के उपायों पर चर्चा हुई। अजित डोवाल ने चीन के विदेश मंत्री मंत्री वांग यी से वीडियो कल पर दो घंटे चर्चा की। रविवार को हुई इस बातचीत के कुछ ही घंटे बाद चीन ने सेना वापस बुलाने का फैसला किया। जानकार सूत्रों के मुताबिक दोनों के बीच बातचीत अच्छे माहौल में हुई। वार्ता में इस बात पर जोर दिया गया कि फिर से शांति बहाल हो और भविष्य में गलवान जैसी घटनाएं रोकने के लिए साथ मिल कर काम किया जाए। दोनं के बीच बातचीत में तय किया गया कि सीमा पर शांति रखने और आपसी संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए दोनों देशों को आपस में तालमेल रखना चाहिए। यह भी कहा गया कि अगर विचार मेल नहीं खाएं तो विवाद खड़ा नहीं करना चाहिए। डोवाल और वांग यी की बातचीत में वास्तविक नियंत्रण रेखा, एलएसी पर से सेना हटाने और तनाव घटाने की प्रक्रिया जल्दी से जल्दी पूरा करने पर सहमति बनी। यह काम चरणबद्ध तरीके से किया जाए। भारत और चीन के बीच हुई इस वार्ता में तय किया गया कि दोनों देश एलएसी का सम्मान करें और एकतरफा कदम नहीं उठाएं। भविष्य में सीमा पर माहौल बिगाड़ने वाली घटनाएं रोकने के लिए मिल कर काम करने पर भी सहमति बनी। एनएसए डोवाल और चीन के विदेश मंत्री आगे भी बातचीत जारी रखेंगे, ताकि दोनों देशों के समझौतों के मुताबिक सीमा पर शांति रहे और प्रोटोकॉल बना रहे।

# जेपी नड्डा ने मुखर्जी की संदिग्ध मौत के मामले में नेहरू पर साधा निशाना

नई दिल्ली। जनसंघ संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा ने एक बार फिर उनकी संदिग्ध मौत के मामले को उठाते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू पर निशाना साधा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संदिग्ध मौत की जांच न कराए जाने पर नेहरू की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। पश्चिम बंगाल में सोमवार को हुई वर्चुअल रैली में जेपी नड्डा ने श्रीनगर में सेहत बिगड़ने पर उनके इलाज को लेकर भी सवाल खड़े किए। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, जो व्यक्ति ११ जून १९५३ को स्वस्थ रूप में जम्मू–कश्मीर पहुंचता है। उस व्यक्ति की गिरफ्तारी के बाद अचानक २३ जून को कैसे जीवनलीला समाप्त हो जाती है। अस्पताल में कितने समय तक वह रहे, डॉक्टरों ने कौन सी दवाई उन्हें दी। तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू और गृहमंत्री उस वक्त जम्मू–कश्मीर के दौरे पर पहुंचे थे, लेकिन उन्होंने जेल में बंद विपक्ष के नेता के बारे में कोई जानकारी नहीं ली। यह उनका प्रजातांत्रिक चेहरा था। भाजपा अध्यक्ष ने संदेहास्पद मौत की जांच न होने को लेकर भी सवाल खड़े



किए। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी की मां ने बेटे की मौत की जांच को लेकर प्रधानमंत्री नेहरू को पत्र लिखा था, मगर उन्होंने मंजूरी ही नहीं दी। इंक्वायरी न होने देना, नेहरू का प्रजातांत्रिक चेहरा बताता है। श्रीनगर से जब मुखर्जी का पार्थिव शरीर कलकत्ता ले जाना था, तब वहां पहुंचे शेख अब्दुल्ला से जब इस मसले पर पूछा गया तो उन्होंने कुछ भी बोलने से इन्कार किया। सोचिए, मानवता का पक्ष कितना दर्दनाक था।

# ओडिशा में मुठभेड़, ४ नक्सली मारे गए

भुवनेश्वर। ओडिशा के कंधमाल जिले में आज सुबह सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में कम से कम चार नक्सली मारे गए। जिला स्वैच्छिक बल (डीवीएफ) और स्पेशल अपरेशन ग्रुप (एसओजी) की एक संयुक्त टीम इस इलाके में तलाशी अभियान चला रही थी, तभी नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी कर दी। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों द्वारा जवाबी कार्रवाई की गई जिसमें चार नक्सली मारे गए। ओडिशा पुलिस ने ट्वीट किया, "कंधमाल के तुमुदिबांधा में नक्सलियों और एसओजी, डीवीएफ के बीच मुठभेड़ हो गई। सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की गई, जिसके बाद उन्होंने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। नक्सलियों की ओर से चार लोग मारे गए हैं और कुछ घायल हुए हैं। क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी है। एसपी घटनास्थल पर हैं। इसके साथ ही मौके से भारी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद भी जब्त किया गया है। मुख्य सचिव असित त्रिपाठी ने सफल संचालन के लिए अधिकारियों और जवानों को बधाई दी। उन्होंने ट्वीट किया, "ओडिशा पुलिस के अधिकारियों और जवानों को कंधमाल में सफल ऑपरेशन के लिए बधाई। उनकी बहादुरी सराहनीय है। चार नक्सलियों की मौत की पुष्टि हुई है। यह हमारे राज्य को चरमपंथ से मुक्त करने और राज्य में विकास के लिए हमारे संकल्प को मजबूत करेगा।"

# ओली के इस्तीफे पर संशय बरकरार

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफे पर संशय बरकरार है। सोमवार को भी इस बारे में फैसला नहीं हो सका। सोमवार को प्रधानमंत्री ओली और उनके मुख्य विरोधी पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' के बीच करीब तीन घंटे चली बैठक बेनतीजा रही। मंगलवार को फिर दोनों नेता बातचीत करेंगे। इसके साथ ही पार्टी की स्थायी समिति की मीटिंग भी दो दिन टल गई है। अब यह बुधवार को होगी। जानकार सूत्रों के मुताबिक, ओली और प्रचंड के मतभेद कम नहीं हुए हैं। शनिवार, रविवार और सोमवार को भी तीन दिन दोनों नेताओं ने बातचीत की। लेकिन, कोई समाधान नहीं निकल सका। अब मंगलवार को दोनों फिर मिलेंगे। इस बातचीत में जो फैसला होगा उसके बाद बुधवार को स्टैंडिंग कमेटी उस पर विचार करेगी। हालिया वक्त में नेपाल की सियासत का यह सबसे अहम मोड़ है। ओली पर इस्तीफे का दबाव बढ़ता जा रहा है। कुर्सी बचाने के लिए वे हर तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। शायद यहीं वजह है कि शनिवार के बाद सोमवार को भी स्टैंडिंग कमेटी की मीटिंग बुधवार तक टाल दी गई। इस कमेटी में कुल ४० सदस्य हैं, जिनमें ३० से ज्यादा ओली का इस्तीफा चाहते हैं। वहीं, कुछ सीनियर लीडर समझौता कराने की कोशिश कर रहे हैं। इसकी वजह पार्टी में टूट की आशंका है। नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के अंदर साफ तौर पर गुटबाजी हो गई है। ओली और प्रचंड अलग अलग गुट का नेतृत्व कर रहे हैं। दोनों नेता लगातार बातचीत के बावजूद किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सके। दूसरे शब्दों में कहें तो यह तय नहीं हो पाया कि ओली इस्तीफा देंगे या नहीं। सोमवार को भी यही कहानी दोहराई गई।

# एक करोड़ लोगों के लिये प्रतिदिन का रोजगार सृजित किया जाय : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक कार्य योजना बनाकर १५ जून से ३० जून के बीच एक करोड़ लोगों को प्रतिदिन रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये है। योगी ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि १५ जून से ३० जून के बीच एक करोड़ मानव दिवस प्रतिदिन सृजित करने के लिए एक कार्य योजना बनायी जाय। इस कार्य योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी सम्बन्धित विभाग अपनी गतिविधियों और कार्यों को चिन्हित करें। उन्होंने कहा कि इस अवधि में कृषि, उद्यान, वन विभाग द्वारा पौध रोपण के लिए गड्ढा खोदने, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण की योजना, चेक डैम निर्माण, जल जीवन मिशन से जुड़े कार्यों सहित विभिन्न कार्य करते हुए रोजगार उपलब्ध कराए जाए। उन्होंने कहा कि नगर विकास विभाग तथा ग्राम्य विकास विभाग स्ट्रीट वेंडरों को रोजगार देने के सम्बन्ध में एक जिले का चयन करते हुए उसका अध्ययन करें। स्ट्रीट वेंडरों को प्रधानमंत्री पैकेज के साथ जोड़कर



रोजगार उपलब्ध कराने का एक मॉडल तैयार करें। उन्होंने कहा कि पटरी दुकानदारों के लिए प्रधानमंत्री के विशेष आर्थिक पैकेज में दस हजार रुपए के ऋण की व्यवस्था की गई है। योगी ने प्रदेश के पटरी दुकानदारों को इस योजना का लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटरी दुकानदारों के लिए ऐसे स्थान चयनित किए जाएं, जहां वे सुगमतापूर्वक अपना कारोबार कर सके और यातायात भी अवरुद्ध न हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि कोई सड़क पर न सोए। प्रधानमंत्री के पैकेज में श्रमिकों एवं कामगारों के लिए किराए पर मकान उपलब्ध कराने के लिये भवन निर्माण की व्यवस्था है। श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस प्राविधान का भरपूर उपयोग किया जाए, ताकि श्रमिकों के लिए किफायती किराए पर सुरक्षित एवं सुविधायुक्त आवास की व्यवस्था की जा सके। उन्होंने कहा कि किफायती किराए पर आवास से बड़ी संख्या में श्रमिक/कामगार व शहरी गरीब लाभान्वित होंगे। प्रदेश में कार्यरत अन्य राज्यों के श्रमिक यदि अपने गृह प्रदेश जाना चाहते है तो उनकी सकुशल वापसी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यदि ऐसे श्रमिक वापस जाने के इच्छुक न हों, तो उनका यह निर्णय लिखित रूप में प्राप्त कर लिया जाए।

# राष्ट्रपति से मिले प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की। लद्दाख में चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा, एलएसी पर चल रहे तनाव के बीच प्रधानमंत्री मोदी दो दिन पहले शुक्रवार को लद्दाख के दौरे पर गए थे। वहां से लौटने के बाद उन्होंने राष्ट्रपति से मुलाकात की। माना जा रहा है कि उन्होंने राष्ट्रपति को सीमा के हालात और दोनों देशों के तनाव के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी रविवार को दोपहर में राष्ट्रपति भवन पहुंचे और बताया जा रहा है कि उन्होंने राष्ट्रपति को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों के बारे में बताया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री शुक्रवार को अपने लद्दाख दौरे में अग्रिम चौकियों पर गए थे और उन्होंने गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प में घायल हुए भारतीय सैनिकों से भी मुलाकात की थी। राष्ट्रपति से प्रधानमंत्री की मुलाकात के बारे में आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# अब 'आयुष कवच' एप करेगा मरीजों का घर बैठे इलाज

लखनऊ। आयुष मिशन ने अपने एप 'आयुष कवच' के माध्यम से मरीजों को घर बैठे इलाज की सुविधा प्रदान करनी शुरू कर दी है। एप के माध्यम से फोन करके आयुर्वेद, यूनानी व होम्योपैथी विशेषज्ञों से बीमारियों से बचाव लिए सलाह ली जा सकती है। आयुष मिशन निदेशक राजकमल ने बताया, "इसमें तीनों विधाओं के करीब २३० डक्टर सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक सलाह दे रहे हैं। तीन दिनों में १००० से अधिक लोगों ने जानकारी ली है। इस एप पर एक बार में १०० से १५० कल रिसीव की जा सकती हैं।" मिशन निदेशक ने बताया, "आयुष विधा में लोगों की बढ़ती रुचि को देखते हुए दो जून को इसमें विशेष फीचर टेली परामर्श का जोड़ा गया है। इसे आयुष टेली कवच का नाम दिया गया है।" उन्होंने बताया, "एप के माध्यम से फोन कॉल पर डॉक्टर मरीज या उसके परिजन से बात कर बीमारी के लक्षण या अन्य जिज्ञासाओं के उत्तर देते हैं। इसके अलावा एप पर आयुष संवाद कार्यक्रम भी शुरू किया गया है। हर शाम पांच बजे से ऐप पर लाइव कार्यक्रम चलता है।" राजकमल ने बताया कि इस एप में तमाम ऐसी सुविधाएं हैं, जो लोगों के लिए काफी उपयोगी हैं। कोविड–१९ से बचने के उपाय, लाइव योग, रोग प्रतिरोधक बढ़ाने की क्षमता के उपाय, मुख्यमंत्री राहत कोष कोविड केयर फंड में योगदान व राज्यस्तरीय कंट्रोल की जानकारी दी गई है। गौरतलब है कि इस एप को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ५ मई को लन्च किया था। अब तक इसे १२.५ लाख से अधिक लोग डाउनलोड कर चुके हैं।

# एलआईसीए पोस्ट ऑफिसए बैंक व सभी विद्यालय पूर्णता बंद रहेंगे–जिलाधिकारी

**मोहम्मद अरशद**

मऊ। जिलाधिकारी ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने सोमवार को प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि १५ दिन का लॉकडाउन आज से लागू कर दिया गया है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बरती नहीं जाएगी। इसके खिलाफ कार्य करने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे नगर क्षेत्र में लाक डाउन है।ेपया लाकडाउन का पूर्ण रूपेण पालन करें। कहा कि सिर्फ आवश्यक सामानों की प्रशासन द्वारा चिन्हित हुयी मेडिकल स्टोर एवं किराना स्टोर की दुकान ही खुलेंगे। इसके अलावा जैसे पिछले लाक डाउन में सब्जी व फल के दुकान ठेले पर लगते थे वैसे ही लगा कर बेचे जाएंगे। किसी भी तरह का कोई प्रतिष्ठान चाहे वह प्राइवेट हो या सरकारी नहीं खुलेंगे। उन्होंने कहा कि एलआईसीए पोस्ट ऑफिसए बैंक व सभी विद्यालय पूर्णता बंद रहेंगे तथा मेडिकलए साफ सफाईए स्वास्थ्य आदि लॉक डाउन में उपयोगी सामानों हेतु लगे कर्मचारी ही अपने पहचान पत्र के साथ आते एवं जाते रहेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद में कोरोना के १६७ पाजिटिव केस हो गये हैंए जिसमें ८१ केस अभी एक्टिव है तथा तीन की मौत हो चुकी है और ८३ रिकवर व डिस्चार्ज हो गये हैं। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक कोरोना के ६५ मामले मऊ नगर में मिले हैं। इसके बावजूद भी लोगो द्वारा कोविड प्रोटोकाल का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। जिसमें मऊ नगर में कोरोना संक्रमण का खतरा लगातार बढ़ रहा है। उक्त परिस्थितियों को देखते हुए नगर क्षेत्र में १५ दिनों तक पूर्णतयः लॉकडाउन लगाया गया है। जिसका सख्ती से पालन कराया जायेगा। कहा कि नगर क्षेत्र में भीटी तमसा पुल से गाजीपुर तिराहाए आजमगढ़ मोड़ए मिर्जाहादीपुरा क्षेत्र के समस्त दुकानों एवं प्रतिष्ठान बंद रहेंगेए परन्तु जन सामान्य आवश्यक आपूर्ति हेतु चिन्हित किये गये किरानाए मेडिकल स्टोर की दुकानें सुबह १० से ४ बजे तक खुलेंगीए इसके इलावा कोई भी किराना या मेडिकल की दुकान खुली पायी गई तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी और एनएच २९ एवं गाजीपुर तिराहा से आजमगढ़ मोड़ होते हुए मिर्जाहादीपुरा तक का मुख्य मार्ग चालू रहेगा। वहीं सीएमओ डा० सतीश चन्द ने बताया कि सोमवार को एक भी कोरोना का मरीज नहीं मिला। उन्होंने बताया कि आज २२६ की रिपोर्ट प्राप्त हुये वह सभी निगेटिव पाये गये। कहा कि अब तक ७८७६ सैम्पल भेजे गयेए जिनमें ६४७४ की रिपोर्ट प्राप्त हुईए जिसमें ६३१६ की रिपोर्ट निगेटिव व १६७ पाजिटिव है।

# फिरोजाबाद में शिक्षक की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव

फिरोजाबाद। कोरोना ने शिक्षा विभाग में भी दस्तक दे दी है। फिरोजाबाद के शिकोहाबाद में एक सरकारी शिक्षक कोरोना संक्रमित मिले हैं। वह पथवारी रोड पर किराए पर रहते थे। फिरोजाबाद में वह कपी चौकिंग करने भी गए थे। शिक्षक की रिपोर्ट पॉजिटिव आने से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है।

# कानपुर काण्ड को लेकर गौरीफंटा बॉर्डर पर हाई अलर्ट

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश के महानगर कानपुर में आठ पुलिस जवानों की हत्या करने वाले हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे की तलाश में लखीमपुर खीरी के गौरीफंटा बॉर्डर पर हाई अलर्ट है। बताया जाता है कि कानपुर में आठ पुलिस कर्मियों की हत्या करने वाले दुर्दांत अपराधी विकास दुबे के पड़ोसी देश नेपाल भागने की आशंका की सूचना मिलने पर एसपी पूनम व एसएसबी कमाण्डेन्ट मुन्ना सिंह ने २४घंटे दिए सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। जिसको लेकर एसएसबी व गौरीफंटा पुलिस मुख्य बॉर्डर से लेकर सीमा से लगे सभी नाको पर चला रहे सघन चेकिंग अभियान। बताया यह भी जाता है कि उक्त अपराधी विकास दुवे लखीमपुर खीरी स्थित कोर्ट में आत्मसमर्पण करने की फिराक में है। जिसको पकड़ने के लिए जिला खीरी की समस्त पुलिस टीम पूरे अलर्ट मोड़ पर दिख रही है। बताया यह भी जाता है कि इससे पहले भी उत्तर प्रदेश समेत सम्पूर्ण भारत मे क्राइम कर भागे कई अपराधी गौरीफंटा बॉर्डर के रास्ते से ही नेपाल की ओर भागने का प्रयास कर चुके हैं। जिन्हें सुरक्षा एजेंसियों की सूझबूझ के चलते पकड़ा जा चुका है। फिर चाहे वह चर्चित रामरहीम की करीबी हनिप्रीत हो या लखनऊ के कमलेश तिवारी हत्याकांड के आरोपी इन सभी ने सीमा पार कर नेपाल भागने का प्रयास किया था जिन्हें सुरक्षा एजेंसियों की सूझबूझ से गौरीफंटा बॉर्डर व पलिया से पकड़ा गया था। आज ऐसे में ही कानपुर के आठ पुलिस कर्मियों के हत्यारे विकास दुवे के नेपाल भागने की सूचना मिलने पर गौरीफंटा बॉर्डर पर हाई अलर्ट के चलते गौरीफंटा कोतवाल रमेश यादव भारी पुलिस बल के साथ बॉर्डर पर सघन चेकिंग अभियान चला रहे हैं।

# मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुआ

लखीमपुर खीरी। गत दिवसे शाम ५ बजे अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद लखीमपुर के तत्वावधान में मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वजातीय समाज की दो बेटियों एवं एक बेटे का सम्मान परिषद की ओर से किया गया जिसमें कविता मिश्रा एव स्वेच्छा मिश्रा को तथा आदित्य मिश्रा को परिषद द्वारा माल्यार्पण कर प्रशस्ति पत्र, स्मृतिचिन्ह, रामचरित मानस, भेंट कर सम्मानित किया गया।साथ ही बच्चों के अभिवावकों को अंगवस्त्र भेंट कर माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन डॉ निमेष शुक्ल(महासचिव) ने किया,तथा जिला संयोजक अनिल शुक्ल कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बच्चों को आशीर्वाद दिया, जिलाध्यक्ष पँ. नितिन पांडे ने कार्यक्रम का संयोजन किया एवं बच्चों का मार्गदर्शन किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।इसअवसर पर अतुल मिश्र जी, देवेश मिश्र जी, सुबोध पांडे जी, सर्वेश शुक्ल, प्रवीण दीक्षित जी श्रीमान प्रतीक दीक्षित जी,,प्रवीण दीक्षित जी, अशोक शुक्ल जी, रविन्द्र शुक्ल जी मुकेश पांडे जी, हरिओम मिश्र जी, सुनीता शुक्ला जी, मोनी पांडे जी, बीना अहिहोत्री जी, राधा जी, प्रियंक मिश्र जी, आदेश मिश्र जी, नीरज मिश्र जी ,शत्रुंजय मिश्र, वीरेश जोशी जी नकी गरिमामयी उपस्थिति आज के कार्यक्रम में रही।स्वजातीय समाज के बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए आपके योगदान के लिए परिषद परिवार आप सब का आभारी रहेगा।

# राहुल ने गिनाई सरकार की विफलता

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की नाकामियां गिनाई हैं। उन्होंने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए और कहा कि नोटबंदी, जीएसटी पर अमल और लॉकडाउन के फैसलों की विफलता दुनिया के लिए केस स्टडीज की तरह है। इस पर भाजपा ने उनके ऊपर पलटवार किया और कहा कि राहुल और कांग्रेस पार्टी का रवैया देश का मनोबल तोड़ने वाला है। गौरतलब है कि पिछले दिनों खबर आई थी कि राहुल गांधी रक्षा मामलों की संसदीय समिति की किसी बैठक में शामिल नहीं हुए हैं। इसे लेकर भाजपा ने उनके ऊपर निशाना साधा। राहुल गांधी ने ट्विट कर कहा कि कोविड–१६, नोटबंदी और जीएसटी के मामलों में सरकार की नाकामियां भविष्य में हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के लिए केस स्टडी



होंगी। इससे पहले वे कई बार लकडाउन को फेल बता चुके हैं। राहुल ने लकडाउन के शुरुआती दिनों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें मोदी ने कहा था कि महाभारत का युद्ध १८ दिन में जीता गया था, लेकिन कोरोना के खिलाफ लड़ाई २१ दिन चलेगी। राहुल ने इस पर तंज करते हुए कहा है कि हर दिन कोरोना के केस कैसे बढ़ते रहे और दुनिया में भारत कितने नंबर पर पहुंच गया। राहुल की इस बात पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पलटवार किया। नड्डा ने कहा कि राहुल ने डिफेंस पर स्थायी समिति की एक भी मीटिंग में हिस्सा नहीं लिया। वे लगातार देश का मनोबल तोड़ रहे हैं, हमारे सैनिकों की वीरता पर सवाल उठा रहे हैं। बाद में कांग्रेस ने नड्डा से सवालिया लहजे में कहा कि क्या राहुल गांधी स्थायी समिति की बैठक में जा रहे होते तो चीन भारत की सीमा में नहीं घुसता?

# मुंबई में कोरोना के साथ बारिश का कहर

मुंबई। कोरोना वायरस के संक्रमण से सबसे ज्यादा प्रभावित मुंबई में अब भारी बारिश का संकट आया हुआ है। रविवार को भारी बारिश की वजह से कई इलाकों में घरों में पानी घुस गया। मौसम विभाग ने पूरे महाराष्ट्र में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मुंबई और आसपास के इलाकों में अगले २४ घंटों में बारिश का रेड अलर्ट भी जारी किया गया है। महानगर मुंबई के ज्यादातर इलाकों में शनिवार से ही रुक–रुककर बारिश हो रही है। रविवार सुबह कुछ देर के लिए बारिश रुकी लेकिन चंद घंटे में ही बारिश ने फिर शुरू हो गई है। भारी बारिश से पोवाई लेक का पानी ओवरफ्लो हो गया। साथ ही किंग सर्किल के आसपास पानी भर गया। मुंबई में भारी बारिश से निचले इलाके के कई घरों में पानी घुस गया है। बांद्रा के कई इलाकों में घरों में घुटनों तक पानी भर आया। मुंबई पुलिस ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि, भारी बारिश के कारण शहर भर में कई स्थानों पर जल जमाव हो गया है इसलिए मुंबई के लोग घरों में रहें तो बेहतर होगा। उनको तटीय इलाकों में जाने से बचने को भी कहा गया है। राजधानी मुंबई सहित राज्य के कई इलाकों में रविवार सुबह से तेज बारिश शुरू हो गई थी। मुंबई नगर निगम ने लोगों को चेतावनी दी है और नौसेना व और एनडीआरएफ को भी अलर्ट कर दिया गया है।

# सार्वजनिक स्थलों पर पांच से अधिक एकत्र न हों : योगी


लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सार्वजनिक स्थानों पर पांच से अधिक लोग एकत्र न होंने देने के निर्देश देते हुए कहा कि कोविड–१६ के संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए पूरी सावधानी बरती जाय। योगी ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अनलॉक का मतलब स्वतन्त्रता नहीं है। यह सुनिश्चित किया जाए कि सार्वजनिक स्थानों पर पांच से अधिक लोग एकत्र न हों। पुलिस द्वारा प्रभावी पेट्रोलिंग करते हुए भीड़ को एकत्र होने से रोका जाए। उन्होंने कहा कि कन्टेनमेंट जोन के बाहर के क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से छूट प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। इसके तहत आठ जून से विभिन्न गतिविधियों को छूट प्रदान की जानी है। उन्होंने अपर मुख्य सचिव गृह को अनुमन्य की जाने वाली इन गतिविधियों के प्रोटोकॉल के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश जारी करने के निर्देश दिये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निगरानी समितियों को निरन्तर सक्रिय रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोरोना संदिग्ध व्यक्ति को क्वारंटीन सेन्टर में रखें। कोरोना पॉजिटिव मरीज का उपचार कोविड अस्पताल में ही हो। उन्होंने डॉक्टरों सहित सभी चिकित्साकर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार जारी रखने निर्देश भी दिए। योगी ने कहा कि कोविड चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरुस्त रखा जाए। अस्पतालों में साफ–सफाई के बेहतर प्रबन्ध सुनिश्चित किए जाएं। मरीजों को समय पर दवा, शुद्ध एवं सुपाच्य भोजन के साथ–साथ पीने के लिए गुनगुना पानी उपलब्ध कराया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि डॉक्टर, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ नियमित राउण्ड लें। उन्होंने आगरा, मेरठ, अलीगढ़, कानपुर तथा फिरोजाबाद के मेडिकल कॉलेजों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री जी ने गौ–आश्रय स्थलों पर गौवंश के लिए सभी आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौ–आश्रय स्थलों में गायों को पर्याप्त मात्रा में भोजन उपलब्ध कराया जाए। गर्मी तथा बरसात से बचाव के लिए समुचित प्रबन्ध किए जाएं। उन्होंने ग्रामीण तथा शहरी इलाकों में सेनिटाइजेशन के कार्य को लगातार किए जाने के निर्देश भी दिए।

# भारत और चीन के बीच अद्भुत झील : पेंगांग झील

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

पेंगांग झील के बारे में हम पहले ही इस कालम में लिख चुके हैं. दुबारा इसके बारे में लिखने की आवश्यकता इसलिए पड़ी कि भारत और चीन के बीच जो तनातनी चल रही है, उसमे पेंगांग झील की महत्वपूर्ण भूमिका है. एक झड़प में अभी हाल में भारत और चीन दोनों तरफ के सैनिक मारे गये हैं. आज दोनों देश की सीमाओं पर पर सैनिको का जमावड़ा हो चुका है. दोनों देशो की सीमाओं पर लड़ाकू विमान गरज रहे हैं. भारतीय सेना मोटरबोट से लेक में गश्त करती रहती है. सन् १६८४ में लद्दाख तथा तिब्बत के बीच तिंगमोसमांग की संधि हुई थी जिसके अनुसार यह झील लद्दाख तथा तिब्बत के बीच सीमा रेखा का कार्य करती थी. यह संधि लद्दाख के तत्कालीन राजा देलदान नामग्याल तथा तिब्बत के रीजेंट के बीच खलसी के बीच हुई थी. तब इस झील को दो देशों के बीच सीमा के रूप में स्वीकार किया गया था. लेकिन, अब इस पर भारत और चीन का नियंत्रण है. पैगांग झील को विश्व की सबसे ऊंची, गहरी और लम्बी झील कहा जाता है. समुद्र तल से १४,००० फुट की ऊंचाई पर लेह से ६८० कि.मी. दूर लद्दाख पर्वत श्रृंखला के आंचल में खारे पानी की पैंगांग झील पसरी हुई है. संभवतः यह विश्व की सबसे ऊंचाई पर स्थित है. पैंगोंग झील १५० कि.मी. लम्बी और ७०० फुट से लेकर चार कि. मी. चौड़ी है. एक तरह से यह पहाड़ी समुद्र की तरह है. इसकी गहराई १२० से लेकर २०० फुट तक है. इस झील के पानी का कहीं निकास नहीं है, इसलिए इसके किनारे पर नमक की तह भी देखी जा सकती है. इस खारी झील में पहाड़ों से गिरने वाली बर्फ के कारण अनेकों खनिज पदार्थ जमा हो गये हैं, जिससे इस का तल ऊपर उठता जा रहा है. पानी के अभाव में यह झील सिमटने लगी है. वर्ष के तीन माह यह झील जमी रहती है, जिस पर जीप चलाई जा सकती है. सूर्य की किरणों के बदलने के साथ इस झील का रंगीन पानी भी बदलता रहता है. इस पहाड़ी पर व झील के निर्मल जल में लाल रत्न बेशुमार बिखरे पड़े हैं, लेकिन इन अनगढ़ पत्थरों को खोज पाना काफी कठिन है. इस झील के तीन हिस्से चीन के पास है. डोकलाम विवाद के बीच अब चीन ने भारत द्वारा लद्दाख में पेंगांग लेक के पास सड़क बनाने को भारत की आलोचना की है. ये वही जगह है, जहां इसी महीने हाल ही में दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प हुई थी. दरअसल, पेंगन्ग झील भारत–चीन के बर्डर पर स्थित है, जिसका ८० फीसदी हिस्सा चीन में आता है. यह झील दोनों देशों के लिए अब फेमस टूरिस्ट स्पॉट बन चुकी है. वहीं भारत में यहां अब तक कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है, लेकिन बलीवुड मूवी ३ इडियट्स से यह जगह सबसे ज्यादा फेमस हुई . यहीं पर बलीवुड फिल्म ३ इडियट्स के एक सीन की शूटिंग हुई थी.यहां शूट किया गया सीन फिल्म के अंत में नजर आता है, जब आमिर खान से मिलने करीना कपूर स्कूटर पर आती हैं. इस फिल्म की सफलता ने ही यहां का पूरी सूरत बदलकर रख दी. अब यहां के करीब सारे रेस्टोरेंट और कैफे में फिल्म की झलक देखी जा सकती है. हालांकि, इससे पहले भी यहां कई बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है, लेकिन '३ इडियट्स' के एक सीन ने इसे फेमस बना दिया.





# विकास दुबे की बहन ने कहा पिछले पांच-छह सालों से अपने गैंगस्टर भाई से मुलाकात नहीं

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मोस्ट वांटेड अपराधी व गैंगस्टर विकास दुबे को बाहर निकालने के लिए उसके हरेक रिश्तेदार पर बढ़ रहे दबाव के बाद अब उसके रिश्तेदारों ने उसे अपना मानने से इनकार करना शुरू कर दिया है। इनमें दुबे के बहनोई दिनेश तिवारी भी शामिल हैं, जिन्हें शुक्रवार रात से ही शिवली पुलिस स्टेशन में हिरासत में रखा गया है, जब अपराधी ने आठ पुलिसकर्मियों की हत्या कानपुर में बिकरू गांव में कर दी थी। तिवारी ने संवाददाताओं से कहा कि अगर उनका वश चले तो वह विकास दुबे को खुद गोली मार दें, क्योंकि उसकी वजह से उसके परिवार को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, "उसने जो किया है उसकी कीमत हम चुका रहे हैं। अगर मेरे वश में होता तो मैं उसे गोली मार देता।" दुबे के बहनोई ने कहा कि दुबे के पिता राम कुमार दुबे मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं और उन्हें इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था कि वह अपने बेटे को बचाने के प्रयास में क्या कह रहे हैं। अपराधी के पिता ने पुलिस को पहले बताया था कि जब घटना हुई थी तब विकास गांव में नहीं था। दिनेश तिवारी ने कहा कि उन्होंने और उनके परिवार ने पिछले पांच-छह सालों से विकास दुबे से सभी संबंध तोड़ लिए हैं। विकास



दुबे की बड़ी बहन चंद्रकला ने भी पत्रकारों से कहा कि उन्होंने पिछले पांच-छह सालों से अपने गैंगस्टर भाई से मुलाकात नहीं की है। उन्होंने दावा किया कि विकास ने उनके बड़े बेटे को धमकी दी थी और कुछ साल पहले उनके पति के साथ दुर्व्यवहार किया था, जिसके बाद परिवार ने उसके साथ सभी संबंध तोड़ दिए। उनके बेटे ध्रुव ने कहा कि पुलिस ने घटना के बाद राम कुमार दुबे को उनके घर पर छोड़ दिया था। उसने कहा, "हम उनकी देखभाल नहीं कर सकते हैं और पुलिस को उनके ठहरने के लिए कुछ और इंतजाम करने चाहिए।" ध्रुव की बहन अनामिका ने भी यही कहा, "हमारे 'मामा' (विकास) के साथ हमारा कोई संबंध नहीं है और हमें इस मुद्दे पर परेशान नहीं किया जाना चाहिए।" वहीं विकास की मां सरला देवी ने पहले ही कहा था कि अगर उनका बेटा पुलिसकर्मियों की हत्या के लिए जिम्मेदार है, तो उसे मार दिया जाना चाहिए, लेकिन अब उन्होंने बीकरू गांव में उनके पुश्तैनी घर को ध्वस्त करने पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा, "सरकार को परिवार के बजाय विकास को दंडित करना चाहिए। हमें अकेला छोड़ दिया जाना चाहिए।" दिलचस्प बात यह है कि जिस शख्स की शिकायत पर पुलिस विकास दुबे को पकड़ने गई थी, वह शख्स यानी राहुल तिवारी उसका साला बताया जा रहा है।

# भाजपा विधायकों से है विकास दुबे के संबंध : लल्लू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने राज्य की योगी सरकार पर सीधा हमला बोलते हुये कहा कि भाजपा की शह और संरक्षण में गुंडे माफियाओं के फलने फूलने के तमाम साक्ष्य सामने आने के बाद आरोपों की उच्च स्तरीय जांच की जानी



चाहिए। लल्लू ने सोमवार को कहा कि जांच में सामने आएगा कि किस तरह से भाजपा नेता और विधायक माफियाओं से सांठगांठ कर आमजन की सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं और पुलिसकर्मियों की हत्या हो रही है। उन्होंने कहा कि हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे को कुछ समय पहले एसटीएफ ने राजधानी में गिरफ्तार किया था और उस समय के उसके बयानों से साफ हो गया है कि भाजपा के दो विधायकों से उसके गहरे संबंध रहे हैं। यह सब सार्वजनिक हो चुका है कि किस तरह से भाजपा नेताओं और विधायकों की शह पर विकास दुबे ने आतंक का साम्राज्य स्थापित कर रखा था। इससे कांग्रेस का यह आरोप सही साबित होता है कि गुंडे माफियाओं की असली संरक्षक भाजपा ही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की जनता को यह जानना चाहिए कि कैसे सत्ताधारी दल के नेताओं व विधायकों की मदद से विकास दुबे जैसे हिस्ट्रीशीटर अपनी आपराधिक गतिविधियां संचालित करता रहा। उन्होंने कहा कि समूचा प्रदेश भाजपा के जंगल राज की गिरफ्त में है जहां उसके गुंडों को खुलेआम पुलिसकर्मियों की हत्या की छूट मिली हुई है। आम आदमी को अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित होने की वाजिब वजह है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी हर हाल में लोगों की सुरक्षा के लिए संघर्ष करेगी।


हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ


# ब्याज न देना पड़े लाखों बिजली उपभोक्ताओं की जमा सिक्योरिटी को दिखा दिया जीरो

लखनऊ। सिक्योरिटी पर ब्याज न देना पड़े इसके लिए पावर कारपोरेशन ने सैकड़ों उपभोक्ताओं की सिक्योरिटी सिस्टम में शून्य कर दी। यह कारनामा कारपोरेशन बीते पांच सालों से कर रहा है, और सिक्योरिटी धनराशि को कंप्यूटर पर शून्य फीड किया जा रहा है। कोरपोरेशन के इस कारनामें के खुलासे पर निदेशक वाणिज्य इसे गलती बता रहे हैं। ज्ञात हो कि प्रत्येक बिजली कनेक्शन के साथ निश्चित सिक्योरिटी धनराशि जमा करनी होती है। वाणिज्यक उपभोक्ता १००० रुपये और घरेलू ३५० रुपये प्रतिकिलोवाट सिक्योरिटी जमा करते हैं। यूपीपीसीएल इसी सिक्योरिटी पर प्रतिवर्ष बैंक दर पर ब्याज देता है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने यह मामला उठाते हुए कहा कि विद्युत विभाग ने लगभग ५० लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं की जमा सिक्योरिटी को अन लाइन सिस्टम में शून्य व एक पैसा फीड कर दिया है। यह काम बीते पांच साल से लगातार किया जा रहा है। अब इन उपभोक्ताओं को जमा सिक्योरिटी पर ब्याज भी नहीं देना पड़ रहा है। उपभोक्ता परिषद ने कारपोरेशन पर आरोप लगाया कि अधिकारियों ने ऐसा जानबूझकर किया ताकि वह ब्याज देने से बच सकें। निदेशक वाणिजय एके श्रीवास्तव ने इस मामले में कहा कि ऐसा गलती से हुआ है और इसमें सुधार किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि फाइल चल रही है और सिक्योरिटी जल्द ही दोबारा से सही कर दी जाएगी। हालांकि वह यह नहीं बता सके कि आखिर पांच से चल रहे इस काम में अब तक विभाग ने क्या सुधार किया। प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की वर्ष २०१६-२० में कुल जमा सिक्योरिटी लगभग ३६७८ करोड़ है तथा सभी उपभोक्ताओं को लगभग २३२ करोड़ का ब्याज मिलना है।

## बिगबॉस १४ के लिए १६ करोड़ की फीस लेंगे सलमान

मुंबई। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान बिग बॉस सीजन १४ को होस्ट करने के लिये १६ करोड़ की फीस ले सकते हैं। बिग बॉस का १३वां सीजन अपने सभी सीजन में से सबसे धमाकेदार शो रहा था। न केवल दर्शकों ने इसे खूब पसंद किया, बल्कि कई टीवी और बलीवुड कलाकार भी बिग बस १३ के दीवाने हो गए थे। 'बिग बॉस १४' की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं जिसे एक बार फिर सलमान ही होस्ट करेंगे। चर्चा है कि 'बिग बॉस १४' अक्टूबर से ऑन एयर किया जा सकता है। सलमान ने इस सीजन के लिए अपनी फीस को बढ़ा दिया है और अब वह हर एपिसोड के लिए १६ करोड़ की फीस लेने वाले हैं। उन्होंने 'बिग बस १३' के लिए करीब १२ से १४ करोड़ रुपए की फीस ली थी।

## विकास दुबे का रिश्तेदार बसपा नेता सीतापुर में गिरफ्तार

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नेता अनुपम दुबे को रविवार को १२ अन्य लोगों के साथ सीतापुर में उस समय गिरफ्तार कर लिया गया, जब वे दो लक्जरी कारों में सवार होकर जिले में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। उनके पास से कई हथियार भी बरामद हुए हैं। सूत्रों के अनुसार, अनुपम दुबे गैंगस्टर विकास दुबे के रिश्तेदार हैं, जिसने शुक्रवार को कानपुर में आठ पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी थी और उनकी गिरफ्तारी इसी मामले के संबंध में हुई है। मिसरिख के सर्कल ऑफिसर अभय प्रताप ने मुखबिर से सूचना मिलने के बाद बसपा नेता को गिरफ्तार किया। प्रताप ने कहा कि उनसे उनके दौरे के उद्देश्य के बारे में पूछताछ की जा रही है। अनुपम दुबे २०१७ के विधानसभा चुनाव में हरदोई जिले की सवायजपुर सीट से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे, लेकिन वह चुनाव हार गए थे।

# इम्युनिटी बढ़ाने के लिए स्पेशल ड्रिंक लेती है मलाइका

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा इम्युनिटी बढ़ाने के लिए स्पेशल ड्रिंक लेती है। कोरोना वायरस के खतरे के चलते स्वस्थ रहना कई लोगों के लिए अब प्राथमिकता है। हेल्दी फूड्स के साथ ही साथ



लोग अब अपनी इम्युनिटी बढ़ाने के लिए कई तरह के उपाय अपना रहे हैं। मलाइका ने भी एक स्पेशल रेसिपी शेयर की है जिसके सहारे लोग अपनी इम्युनिटी को बेहतर कर सकते हैं।मलाइका ने एक वीडियो शेयर किया और कैप्शन में लिखा, "ये मेक इन इंडिया होम रेसिपी है। ये बरसों पुराना पारंपरिक तरीका है जिससे अपनी इम्युनिटी को बढ़ाया जा सकता है। आंवला, एप्पल सिडेर विनेगर, आर्गेनिक हल्दी, अदरक और पेपरकॉर्न के सहारे आप इस मैजिक ड्रिंक को बना सकते है।


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई UPHIN/2010/32566



सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com



सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक